53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 Web : muzaffarnagarbulletin.co.in यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 25.2°c अधिकतम 30.6 °c

अमृतवाणी
किसी को छोटा या बड़ा न समझें, रात में एक दीपक ही अंधकार में रोशनी देता है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

जब भी हम सच्चाई बोलते हैं, तो देश में कुछ लोगों को मिर्ची लगती है : खड़गे



सूर्योदय - 5:26, सूर्यास्त - 7:22 वर्ष : 53/ अंक : 187 मंगलवार, 08 जुलाई 2025 आषाढ़, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी सम्वत् 2082 मूल्य 3 रुपये कुल पृष्ठ-4

वो मिर्ची.... हरी होती है या लाल.... या फिर भुनी हुई.?...

# कहां बाज आ रहे असामाजिक तत्व, सिर्फ रोटी ही नहीं अब महिला कांवड़िया की कांवड़ पर ही थूक डाला

**मुजफ्फरनगर, 07 जुलाई (बु.)।** यह पहली बार नहीं है कि कांवड़ियों पर दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा हमला या कांवड़ को खंडित करने मामला सामने आया है। इससे पहले भी कई मामले सामने आ चुके हैं। इस बीच यूपी और उत्तराखंड के गेटवे के रूप में मशहूर मुजफ्फरनगर के पुरकाजी कस्बे में यात्रियों में आक्रोश फैल गया। जानकारी के अनुसार गाजियाबाद निवासी शिव भक्त अंशुल शर्मा पुत्र नरेंद्र शर्मा, उनकी बहन मुस्कान और साथी मनीष, तीनों 25 जून को हरिद्वार से क्रमशः 101 लीटर, 31 लीटर और 31 लीटर गंगाजल लेकर पैदल यात्रा पर निकले थे। रविवार की रात वे पुरकाजी कस्बे में नगर



कांवड़ खंडित होने का आरोप लगाते हुए शिवभक्त कांवड़ियों ने भारी हंगामा कर दिया। गाजियाबाद मोदीनगर स्थित रोरी गांव निवासी कांवड़िया अंशुल शर्मा ने आरोप लगाया है कि सोमवार सुबह एक गैर सम्प्रदाय के युवक ने सड़क पर रखी उनकी बहन की कांवड़ पर थूककर उसे खंडित कर दिया, जिससे कांवड़ पंचायत कार्यालय के पास विश्राम हेतु रुके थे। सोमवार तड़के लगभग तीन बजे उन्होंने हाईवे किनारे अपनी कांवड़ें रख दीं और कुछ देर बाद शौच के लिए पास ही चले गए। इसी बीच अंशुल की बहन मुस्कान ने फोन पर जानकारी दी कि एक युवक ने उनकी कांवड़ पर थूक दिया है, जिससे वह खंडित हो गई है।

## एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने हाथोंहाथ लिया एक्शन, उस्मान को भेजा जेल



**मुजफ्फरनगर।** एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने पुरकाजी में महिला की कांवड़ पर थूक डालने की घटना में कोई शिथिलता न बरतते हुए हाथोंहाथ एक्शन लेकर आरोपी उस्मान को जेल भेज दिया। एसपी सिटी ने बताया कि इस मामले में उस्मान से गहनता से पूछताछ की जाएगी। उनका बताना है कि थूकने वाला व्यक्ति मूकबधिर है, इसलिए उससे उसी की भाषा में पूछताछ के लिए टीम का गठन किया गया है। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया जायेगा और गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होगा। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा और उस्मान को भी लाइव वीडियो देखने के बाद दोषी पाया गया, इसके बाद ही उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

## असामाजिक तत्व न रुके तो शिवभक्त भी देंगे जवाब

**मुजफ्फरनगर, 07 जुलाई (बु.)।** अभी तक तो असामाजिक तत्वों के हौसले इतने ही बुलंद थे कि वे गुपचुप तरीके से कभी रोटी पर थूक तो कभी देश के विभिन्न स्थानों पर सब्जी व जूस में मूत्र डाल रहे थे, मगर अब धार्मिक आस्थाओं से भी खिलवाड़ शुरू हो गया है। हो न हो अगर आने वाले दिनों में भी असामजिक तत्वों ने अपनी नींच और घटिया हरकत जारी रखी तो वह दिन दूर नहीं कि जनपद में कोई न कोई बड़ी अनहोनी हो जाए और इसका ठींकरा असामाजिक तत्वों पर ही हर हाल में फोड़ा जाएगा, क्योंकि इन लोगों को न तो योगी शासन का खौफ है और न ही कोई शर्म, हया। भले ही ये असामाजिक तत्व थोड़े से ही हों, मगर इस तरह की घटनाएं हिन्दू धर्म के लोगों में लगातार आक्रोश पैदा कर रही हैं। ऐसे में स्वयं प्रशासन को भी अलर्ट मोड़ पर रहना होगा और कांवड़ियों की सेवा करने वाले शिवभक्तों को भी अलर्ट रहना होगा और कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराना होगा।

## दूसरे समुदाय का है युवक

**मुजफ्फरनगर।** आरोपी युवक विशेष समुदाय से संबंध रखता है, जिससे तनाव की स्थिति और अधिक संवेदनशील हो गई। कांवड़ियों की मांग थी कि युवक को तुरंत गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर कांवड़ियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं थे। करीब चार घंटे तक चले हंगामे के बाद, अधिकारियों ने कांवड़ियों को आश्वासन दिया कि उन्हें हरिद्वार से नई कांवड़ और गंगाजल मंगवाकर दिया जाएगा। इसके बाद कांवड़िए शांत हुए। थाना प्रभारी जयवीर सिंह ने बताया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। कांवड़ यात्रा के दौरान किसी को भी अशांति फैलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आरोपित की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही।

## आरोपी युवक मौके से फरार

**मुजफ्फरनगर।** घटना के बाद युवक मौके से फरार हो गया। घटना की खबर फैलते ही आस-पास मौजूद अन्य कांवड़िये एकत्रित हो गए और आक्रोशित होकर विरोध प्रदर्शन शुरू किया। कांवड़ियों ने आरोपी युवक के घर में घुसने का भी प्रयास किया, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने समय रहते स्थिति को नियंत्रित कर लिया।

## सिर्फ पुरकाजी ही नहीं शहर की कच्ची सड़क पर भी कांवड़ से की गयी छेड़छाड़

**मुजफ्फरनगर, 7 जुलाई (बु.)। कांवड़ यात्रा अगले चंद दिनों में अपने चरम पर होगी। ऐसे में कांवड़ यात्रियों से छेड़छाड़ की यह दूसरी घटना सामने आई है। लगभग पन्द्रह दिन पहले भी शहर में उस समय बवाल होते-होते बच गया था, जब पुंगनूर गाय को लेकर भोला कांवड़िया मदीना चौक की ओर से गुजर रहे थे, और कुछ मुस्लिम समुदाय के युवकों ने यह कटाक्ष किया था कि ऐसी गाय को मारकर खाने में कितना आनन्द आएगा।**

**इतना सुनते ही कांवड़ियों ने ये शब्द कहने वाले असामाजिक तत्वों की वहीं पिटाई की। पकड़े जाने के बाद उस घटना में भी यही बताया गया था कि कटाक्ष करने वाले युवक नशे की हालत में थे। देर रविवार रात फिर एक बार शिवभक्तों की कांवड़ से नाजिम निवासी जहांगीर पट्टी, सुजडू ने छेड़छाड़ कर डाली। छेड़छाड़ करने वाले युवक को फिर एक बार नशे में**

**पन्द्रह दिन में दूसरी बार की गयी कांवड़ियों से छेड़छाड़**

**बताया गया है। हालांकि कांवड़ से छेड़छाड़ करने वाले युवक का माकूल इलाज स्वयं कांवड़ियों ने ही कर दिया था। इलाज करते-करते पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस ने कांवड़ियों से उक्त युवक को छुड़ा लिया और उसे शराबी बताकर चालान कर दिया। अब देखना यह होगा कि आने वाले दिनों में सिसौना कट से शुरू होने वाला मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र मदीना चौक तक पड़ता है। इस क्षेत्र में यदि इसी तरह की घटनाएं होती रही तो शहर में बवाल को होने से शायद ही कोई रोक पाए। माना जा रहा है कि पुलिस, पीएसी, एटीएस की टीमें इस क्षेत्र में अब मुस्तैदी से तैनात दिखाई देंगी। यदि फिर भी असामाजिक तत्व अपनी हरकतों से बाज न आए तो चाहे शराब पीने वाले हों या होश में रहने वाले, स्वयं जिम्मेदार होंगे। फिलहाल थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी नाजिम निवासी जहांगीर पट्टी, सुजडू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।**

# दो अलग-अलग बयान- प्रधानमंत्री जी पत्नी मारती है, इच्छा मृत्यु दे दीजिये, दो बार मायके से लेने गया पर वो आ नहीं रही है

**मुजफ्फरनगर, 07 जुलाई (बु.)।** आपने अक्सर सुना होगा कि पत्नी पति से प्रताड़ित होकर न्याय की गुहार लगाती है, लेकिन मुजफ्फरनगर कलेक्ट्रेट में एक ऐसा अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जिसने सबको हैरान कर दिया है। यहां एक पति पत्नी पर मारपीट करने ओर जान से मारने की धमकी देने का आरोप तो लगा ही रहा है, साथ ही प्रधानमंत्री और सीएम योगी आदित्यनाथ से इच्छा मृत्यु की मांग भी कर रहा है। यह युवक बैनर लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचा था। बैनर पर लिखा था - 'एक गरीब की गुहार, इच्छा मृत्यु की मांग'।

### यह है पूरा मामला

गांधीनगर के रहने वाले सुमित सैनी ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर इच्छा मृत्यु की मांग की। सुमित की शादी 1 जुलाई 2024 को कूकड़ा गांव की रहने वाली पिंकी से हुई थी। सुमित का कहना है कि शादी के अगले दिन ही पिंकी ने बता दिया कि यह शादी उसकी मर्जी से नहीं हुई। वह किसी और से प्रेम करती है।




सुमित के अनुसार, पिंकी लगातार घर में झगड़ा करती थी। वह उस पर हाथ उठाती और उनकी पिटाई करती थी। कई बार जान से मारने की नीयत से उसका गला भी घोंटा। पिछले 6 महीने से पिंकी अपने मायके में रह रही है। इस दौरान भी वह फोन पर धमकी देती है और अपने साथियों को भेजकर सुमित की पिटाई करवाती है। इन सभी परेशानियों से तंग आकर सुमित ने कलेक्ट्रेट में इच्छा मृत्यु की मांग की है।

### अगर पत्नी मारती है तो मायके से वापस लाने का नाटक क्यों

**मुजफ्फरनगर।** इस मामले में सुमित ने अपने बयान में कहा कि पत्नी पिंकी दो महीने से मायके चली गई है और वो दो बार उसे लेने जा चुका है है, पर वो आने को तैयार नहीं है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि अगर सुमित इतना प्रताड़ित है पत्नी से, तो वो पिंकी को लेने के लिये दो बार गया क्यों ? ऐसे में यह पूरा मामला जांच की ओर इशारा कर रहा है।

### क्या पत्नी पर दबाव बनाने की है कोशिश ?

**मुजफ्फरनगर।** ऐसे मामलों में अक्सर देखा गया कि पति पत्नी पर दबाव बनाने की कोशिश में अक्सर प्रशासन का ध्यान अपनी ओर खींचने के लिये ऐसी पैंतरेबाजी करता है। हालांकि बुलेटिन इस मामले में यही तथ्य सही है, इसकी पुष्टि नहीं करता है, जिस तरह से सुमित का बयान सामने आया है वो खुद अपने बयान पर फंसता हुआ दिखाई दे रहा है, जिसके जवाब जांच के बाद ही साफ हो पाएंगे, क्योंकि बयान में बिल्कुल दोगलापन दिखाई दे रहा है। एक तरफ वो कह रहा है, पत्नी मारती है, उसने जान से मारने की कोशिश की है। वो परेशान होकर इच्छा मृत्यु मांग रहा है। दूसरी तरफ कह रहा है कि पिंकी दो महीने से मायके में है। वो दो बार लेने जा चुका है उसको उसके घर वाले उसे भेज नहीं रहे हैं। ऐसे में दो अलग-अलग बयान किसी ओर ही कहानी की ओर इशारा कर रहे हैं।

### क्या पीएम या सीएम के पास होता है यह अधिकार

**मुजफ्फरनगर।** जीवन जीने का अधिकार हमारे संविधान में मौलिक अधिकारों के तहत अनुच्छेद-21 में आता है। इसमें एक बात बिल्कुल साफ है कि अगर कोई अपना जीवन खत्म करना चाहता है, तो यह अधिकार सिर्फ देश के राष्ट्रपति और सर्वोच्च न्यायालय के पास होता है। वैसे आज तक ऐसा फैसला कभी दिया नहीं गया है।

## सरधना में मुहर्रम के ताजिया के जिम्मेदार को मारी गोली

**मेरठ, 7 जुलाई (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मेरठ के सरधना के मोहल्ला ऊंचापुर निवासी कादिर बेग (50) को शुएब उर्फ टिड्डी ने



सरेआम गोली मार दी। गोली उनके बाएं कंधे में लगी। पुलिस ने उनका सीएचसी में उपचार कराया। यहां से उन्हें मेरठ के जसवंत राय अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने घटना के करीब साढ़े नौ घंटे बाद आरोपी शुएब को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। उसके पैर में पुलिस की गोली लगी है। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। चचेरे भाई गुलजार ने बताया कि कादिर ट्रांसपोर्टर हैं। वह ताजिये के जिम्मेदार भी हैं। शनिवार देर रात दो बजे ताजिये निकालने की तैयारी चल रही थी। इसी दौरान आरोपी शुएब शराब के नशे में गाली-गलौज करने लगा। विरोध किया तो ताजिया तोड़ने की बात कहते हुए गोली मारने की धमकी दी। इसके बाद कादिर अपने घर पर चले गए। आरोप है कि कुछ देर बाद शुऐब कुछ साथियों के साथ कादिर के घर पहुंचा और गोली मार दी। गोली कादिर के बाएं कंधे में लगी। बाद में आरोपी बाइक पर सवार होकर भाग गए। गुलजार ने शुऐब और साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला ऊंचापुर में ताजिये के जिम्मेदार कादिर बेग पर गोली मारने की वारदात के विरोध में रविवार को सरधना में मुहर्रम के मौके पर दोपहर दो बजे निकलने वाला ताजिये जुलूस समय पर नहीं उठ सका। घटना के बाद पुलिस सुरक्षा न मिलने से क्षेत्र में रोष फैल गया। ऊंचापुर, सराय अफगानान और आजादनगर के जिम्मेदार लोगों ने सुरक्षा के अभाव में ताजिये न उठाने का निर्णय लिया। स्थानीय प्रशासन को पूर्व में जुलूस के कार्यक्रम की जानकारी होने के बावजूद ताजिया स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई। इस लापरवाही से नाराज लोगों ने जुलूस को रोक दिया और एसएसपी और एसपी देहात से फोन पर संपर्क कर मामले से अवगत कराया। खुफिया विभाग ने भी घटना की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों तक पहुंचाई। इसके बाद सरधना पुलिस हरकत में आई।एसएसपी डॉ. विपिन ताडा के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह खुद सराय अफगानान पहुंचे और ताजिया जुलूस के जिम्मेदार लोगों से बातचीत की। उन्होंने उन्हें जुलूस के दौरान सुरक्षा का पूरा आश्वासन दिया। इसके बाद शाम करीब पांच बजे निर्धारित समय से तीन घंटे बाद ताजिये उठाए गए और शांतिपूर्वक जुलूस निकाला गया। मामले में आरोपी शुएब को मुठभेड़ में पकड़ा जा चुका है।

## नौ जुलाई को बिजली कर्मचारी करेंगे प्रदर्शन


**लखनऊ 07 जुलाई, (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों ने निजीकरण के खिलाफ नौ जुलाई को व्यापक प्रदर्शन करने की ऐलान किया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि विद्युत नियामक आयोग पर दबाव डालकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के असंवैधानिक दस्तावेज का अनुमोदन कराया गया तो इसकी तीखी प्रतिक्रिया होगी। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में देश के 27 लाख बिजली कर्मी आगामी नौ जुलाई को एक दिन की सांकेतिक हड़ताल कर रहे हैं। उप्र के एक लाख बिजली कर्मचारी, संविदा कर्मी, जूनियर इंजीनियर और अभियन्ता नौ जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में पूरे दिन व्यापक विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि विद्युत नियामक आयोग पर दबाव डालकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के अवैधानिक दस्तावेज का अनुमोदन कराया गया तो यह बहुत गंभीर घटना होगी और इसके विरोध में बिजली कर्मियों की तीखी प्रतिक्रिया होगी। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण करने के लिये पिछले सात महीने से लगातार नियमों और परम्पराओं का उल्लंघन किया जा रहा है।

## पंजाब में बस पलटी, अब तक 9 की मौत, दो दर्जन के करीब घायल

**होशियारपुर, 7 जुलाई (एजेंसी)।** पंजाब के होशियारपुर जिले में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब दसूहा हलके के दसूहा-हाजीपुर रोड पर एक बस की कार के साथ टक्कर होने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गई। यह दर्दनाक हादसा सगरा अड्डा के नजदीक हुआ, जिसमें अब तक 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब दो दर्जन यात्री घायल हो गए। घायलों को तुरंत स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिनका इलाज प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंच गया और राहत-बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है, हालांकि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बस तेज रफ्तार के चलते ड्राइवर से अनियंत्रित होकर पलट गई।

# एक ओर मां के नाम पर वृक्षारोपण, उधर ऑक्सीजन देने वाले पीपल पर कुल्हाड़ा!

**मुजफ्फरनगर, 7 जुलाई (बु.)।** एक ओर जहां जनपद में "मां के नाम" जैसे भावनात्मक और प्रेरणादायक अभियानों के तहत वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर मुजफ्फरनगर शहर में ही विद्युत विभाग की कथित लापरवाही ने दो हरे-भरे और विशाल पीपल के पेड़ों को मौत के घाट उतार दिया है। विद्युत तारों को बचाने के नाम पर इन दोनों पेड़ों को निर्ममता से काटा गया, जिसने पर्यावरण प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। सवाल उठ रहा है कि आखिर इन पेड़ों को काटने के आदेश किसने दिए और क्या इसके लिए कोई वैधानिक अनुमति ली गई थी? यह पूरा मामला जांच का विषय बन गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दक्षिणी कृष्णापुरी में काली नदी के निकट काली माता मंदिर श्मशान के पीछे रास्ते पर स्थित ये दोनों पीपल के पेड़ वर्षों पुराने थे और क्षेत्र को महत्वपूर्ण पर्यावरणीय लाभ प्रदान कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय निवासियों के अनुसार, विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने उच्च वोल्टेज के तारों से पेड़ों की डालियों को टकराने से रोकने के लिए अन्य पेड़ों की तो शाखाएं काटी, लेकिन इन दोनों पीपल के पेड़ों के मजबूत तने ही काट दिए। नागरिकों का



आरोप है कि पेड़ों की केवल छंटाई की जा सकती थी, लेकिन उन्हें पूरी तरह से काटना पर्यावरण के प्रति घोर संवेदनहीनता है, जिसको लेकर लोगों में धार्मिक दृष्टि से भी आक्रोश व्याप्त है। इस घटना के बाद से ही शहर में चर्चा का विषय यह बन गया है कि क्या विद्युत विभाग ने इन पेड़ों को काटने से पहले वन विभाग या संबंधित प्राधिकरण से कोई अनुमति ली थी? यदि नहीं, तो यह एक गंभीर अपराध है। नागरिकों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च-स्तरीय जांच की मांग की है। उनकी मांग है कि यह पता लगाया जाए कि इन पेड़ों को काटने के आदेश किसने दिए, क्या बिजली के तारों को बचाने के लिए कोई अन्य उपाय संभव नहीं था, और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस घटना ने एक बार फिर प्रशासन के दोहरे रवैये को उजागर किया है, जहां एक ओर पर्यावरण संरक्षण के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर हरे-भरे पेड़ों का विनाश जारी है। अब देखना यह होगा कि मुजफ्फरनगर प्रशासन इस गंभीर मामले पर क्या रुख अपनाता है और क्या भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कोई ठोस कदम उठाए जाते हैं।



## कांवड़ में डीजे बंद कराने वालों को आई कांवड़ियों के लिए कॉरिडोर बनाने की याद

**लखनऊ, 7 जुलाई (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अगर राज्य में सपा की सरकार बनी तो कांवड़ियों के लिए विशेष कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा, जिससे दुकानदारों या आमजन को कोई असुविधा नहीं होगी। अखिलेश ने कहा, ह्व1 हजार करोड़ में कांवड़ियों के लिए कॉरिडोर बनाया जा सकता था, लेकिन बीजेपी सरकार ने ऐसा कोई इंतजाम नहीं किया। उल्टा 7 हजार करोड़ रुपए से अपने घर तक सड़क बना दी, जो चलने लायक नहीं है। उन्होंने बीजेपी में अंदरूनी कलह का आरोप लगाते हुए कहा, भाजपा में अब तीन गुट हो गए हैं । पहला खुद मुख्तार, दूसरा दिल्ली के उम्मीदवार और तीसरा संधि-साथी का कैंडिडेट। इनकी सरकार में ट्रस्ट, पार्क और तालाबों पर कब्जे किए जा रहे हैं। नदियों की दुर्दशा पर चिंता जताते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि प्रदेश भर में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट बंद पड़े हैं और गंदा पानी नालों के माध्यम से सीधे नदियों में डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड की नदियों की हालत इतनी खराब है कि वहां खेतों के किनारे तक टीले बन गए हैं।



## सुप्रीम कोर्ट बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ दायर याचिकाओं पर 10 जुलाई को करेगा सुनवाई

**नयी दिल्ली, 07 जुलाई (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि बिहार की मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण करने के चुनाव आयोग के फैसले की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 10 जुलाई को विचार करेगा।न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के इस मामले में शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध स्वीकार करते हुए कहा कि अदालत गुरुवार इस मामले में विचार करेगी। बिहार में नवंबर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। उससे पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण करने के चुनाव आयोग के इस फैसले पर सवाल उठाये जा रहे हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों के अलावा स्वयंसेवी संस्थाएं पुनरीक्षण के लिए निर्धारित समय समेत अन्य व्यावहारिक दिक्कतों का हवाला देते हुए खुलकर विरोध कर रही हैं। उनका कहना है कि इससे बड़ी संख्या में मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा, राष्ट्रीय जनता दल सांसद मनोज कुमार झा, गैर सरकारी संगठनों - एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, पीयूसीएल और सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव समेत अन्य ने इस संबंध में चुनाव आयोग के 24 जून, 2025 के फैसले की वैधता को शीर्ष अदालत में चुनौती देते हुए अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि यह कदम संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 21, 325 और 326 के साथ-साथ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 21ए के प्रावधानों का उल्लंघन है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि इस आदेश को रद्द नहीं किया गया तो मनमाने ढंग से और उचित प्रक्रिया के बिना लाखों मतदाताओं को अपने प्रतिनिधियों को चुनने से वंचित किया जा सकता है। इससे देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और लोकतंत्र बाधित हो सकता है, जो संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा हैं।

ऋग्वेद । ओ३म् । यजुर्वेद
अनुव्रतः पितुः पुत्रों मात्रा भवतु संमनाः। जाया पत्ये मधुमतीं वाचं वदतु शन्तिवान्।।
—अथर्व. 3।30।2
चतुर्थ पुण्यतिथि



विद्यावाचस्पति स्व. श्री वेदपाल वर्मा शास्त्री जी
निर्वाण तिथि: 8 जुलाई 2021
आप सम्पूर्ण समाज के लिए अथाह शक्ति के स्रोत थे।
आपने जीवन में सत्य, श्रम एवं निः स्वार्थ कर्म का मार्ग दिखाया।
आपकी पावन स्मृति को मन में संजोए, हम इस मार्ग पर निरंतर चलेंगे।
आपका अपूर्व तेजस्व पूरे परिवार को सदा ही प्रभावित करता रहेगा।
आपके द्वारा दिखाये गये सद्मार्ग पर अग्रसर .....
श्रद्धानवत्
ऋषिपाल सिंह (भाई)
इ. राजीव वर्मा-रेखा वर्मा, इ. देवराज वर्मा-अरूणा वर्मा (पुत्र-पुत्रवधू),
एड. चन्द्रवीर वर्मा-पूनम वर्मा (पुत्र-पुत्रवधू)
(वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुड़मण्डी, व्यापार संघ, शाहपुर और पूर्व वाइस चेयरमैन, नगर पंचायत शाहपुर)
सुरूचि-एड. अशोक बालियान (पुत्री-दामाद), इ. वीरेश वर्मा- इ. आयुषी वर्मा (पौत्र-पौत्रवधू)
इ. अभय चौहान, रेयांश सिंह (पौत्र), इ. प्रज्ञा चौधरी, इ. वेदिका आर्य,
इ. अथर्व चौधरी (धेवता), इ. ऋदिमा (धेवती) वीहा वर्मा (प्रपौत्री)
प्रतिष्ठान: मै. चंद्रवीर ब्रादर्स, 9-ब, नवीन मण्डी स्थल, शाहपुर
मै. भारत फल सब्जी ट्रेडिंग कम्पनी, 9-सी, नवीन मण्डी स्थल, शाहपुर
निवास स्थानः-
पुरानी गुड़ मण्डी, मालदा बाग, बुढ़ाना रोड, शाहपुर, मुजफ्फरनगर
मोबाइल: 9410276606, 9811708262, 9719354409
सामवेद अथर्ववेद

